नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण



4 पंछी ने उड़ान भरी लेकिन विमान ने नहीं



5 फ्लाइट रद्द होने की जवाबदेही तय होगी



8 जूनियर विश्व कप में भारत की वेल्स पर 3-1 से जीत



9 क्रिप्टो घोटालेबाजों पर ईडी का शिकंजा

## एक नजर में



### नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी नवजोत कांग्रेस से सस्पेंड

**चंडीगढ़.** पंजाब की राजनीति में आज एक बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला, जब पंजाब कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने पूर्व कांग्रेस विधायक नवजोत कौर सिद्धू को पार्टी से निलंबित करने का फैसला लिया. यह फैसला अचानक नहीं आया, बल्कि पिछले कुछ समय से चल रहे विवादों और पार्टी लाइन से अलग सार्वजनिक बयानबाजी को आधार बनाकर किया गया. नवजोत कौर सिद्धू ने दावा किया था कि पंजाब कांग्रेस के भीतर सीएम सीट और टिकट के बदले करोड़ों रुपये की डील होती है. 6 दिसंबर को उनके बयान के बाद राजनीतिक माहौल बेहद गर्म हो गया और दो दिन के अंदर कांग्रेस ने एक्शन ले लिया. हालांकि कांग्रेस के कई नेताओं ने सिद्ध के आरोपों को गलत बताया. प्रगट सिंह ने कहा कि उन्हें कभी ऐसी मांग का सामना नहीं करना पड़ा और यह नवजोत कौर की निजी राय हो सकती है.

### गोवा नाइट क्लब अग्निकांड में पांचवीं गिरफ्तारी

**नई दिल्ली.** गोवा के बिर्च बाय रोमेओ लेन नाइ टक्लब अग्निकांड के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है. दिल्ली से एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है. यह पांचवीं गिरफ्तारी है. पकड़ा गया आरोपी भारत सिंह, क्लब का ऑपरेशन्स मैनेजर था और रोजाना चलने वाली गतिविधियों की जिम्मेदारी संभालता था. इससे पहले गिरफ्तार मैनेजर्स ने पूछताछ के दौरान उसका नाम सामने रखा था, जिसके बाद दिल्ली के एक सब्जी मंडी इलाके से उसे हिरासत में लिया गया. पुलिस अब उससे क्लब की सुरक्षा खामियों और संचालन में हुई चूक को लेकर पूछताछ कर रही है. इस हादसे के बाद क्लब चेन पर प्रशासन ने सख्ती बढ़ाते हुए इसके अन्य प्रतिष्ठान एक बीच शैक और एक अन्य क्लब को भी सील कर दिया है. वहीं, फरार मालिकों सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा के खिलाफ लुक-आउट नोटिस जारी कर दिया गया है.

## गुस्ताखी माफ




# वंदे मातरम् भारत की आत्मा

### 60 मिनट तक पीएम मोदी ने दिया भाषण | 13 बार कांग्रेस, 7 बार नेहरू व 3 बार जिन्ना का किया जिक्र



**नई दिल्ली, 08 दिसंबर (वार्ता) पीएम मोदी ने सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम् गीत के 150वें वर्ष पर चर्चा की शुरुआत की. करीब 60 मिनट के भाषण में पीएम मोदी ने कई दावे किए. उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् भारत की आत्मा है. वहीं विपक्ष ने स्वतंत्रता आंदोलन में आरएसएस की भूमिका पर सवाल उठाए और कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ही वंदे मातरम् को राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया था.**

पीएम मोदी ने महात्मा गांधी से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और मोहम्मद अली जिन्ना तक का जिक्र किया. पीएम ने सवाल किया कि जब बापू को 'वंदे मातरम् नेशनल एंथम के रूप में दिखता था तो इसके साथ अन्याय क्यों हुआ?' साथ ही उन्होंने कहा कि मोहम्मद अली जिन्ना ने वंदे मातरम् के खिलाफ सवाल उठाया था और जवाहरलाल नेहरू ने वंदे मातरम् की जांच शुरू की थी.

पीएम मोदी ने कहा, वंदे मातरम् को लेकर मुस्लिम लीग की विरोध की राजनीति तेज होती जा रही थी. मोहम्मद अली जिन्ना ने लखनऊ से 15 अक्टूबर 1937 को वंदे मातरम् के खिलाफ नारा बुलंद किया था.

> पीएम मोदी ने कहा कि यह गीत आजादी का उद्‌गार बन गया था और हर देशवासी इस गीत से प्रेरित होकर अंग्रेजों के खिलाफ जंग लड़ रहा था. इस गीत से देश में बने नए माहौल को देखकर अंग्रेज बौखला गए थे, इसलिए उन्होंने इस गीत पर प्रतिबंध लगा दिया और इसे गाने को अपराध मानकर लोगों पर जुल्म ढहाने शुरू कर दिए थे. उन्होंने कहा कि अंग्रेज समझ गए थे कि बंगाल से निकला वंदे मातरम् का भाव पूरे देश में जिस भाव के साथ फैल गया है. पीएम मोदी ने करीब 60 मिनिट की स्पीच में वंदे मातरम् 121 बार, नेहरू 7 बार, जिन्ना 3 बार, कांग्रेस का 13 बार का जिक्र किया.

### समस्याओं से ध्यान भटका रही है सरकार : प्रियंका



चर्चा के दौरान कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र की मोदी सरकार पर करारा हमला बोला. प्रियंका ने इसे पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव से जोड़ते हुए कहा कि सरकार जानबूझकर जनता का ध्यान वर्तमान की समस्याओं से हटाकर अतीत में भटकाना चाहती है. उन्होंने पीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि जितने साल मोदी अब तक पीएम रहे, उतने साल तो नेहरू जेल में रहे हैं. प्रियंका गांधी ने कहा हमारे संसद में राष्ट्रीय गीत पर चर्चा हो रही है, जो एक भावना के ऊपर है. जब हम वंदे मातरम् का नाम लेते हैं तो वही भावना उजागर होती है. स्वतंत्रता संग्राम की याद दिलाता है. उसका साहस, बल, नैतिकता याद दिलाता है. ब्रिटिश साम्राज्य इसके सामने झुक गया. प्रियंका ने कहा आज मोदी जी वो पीएम नहीं रहे जो पहले थे. इनकी नीतियां देश को कमजोर कर रही हैं. देश महंगाई, बेरोजगारी, किसान संकट और तमाम समस्याओं से जूझ रहा है, सत्ता पक्ष के लोग भी इससे सहमत हैं, इसलिए चुप हैं. देश को लोग तमाम समस्याओं से घिरे हैं. इनके पास इसका हल नहीं है. उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा, कल समय आ रहा है, जब चुनाव सुधारों पर चर्चा होगी, तब भी हम बोलेंगे. उन्होंने कहा बीजेपी पर संविधान में शामिल महापुरुषों के अपमान का आरोप लगाते हुए कहा, वंदे मातरम् के इस स्वरूप पर सवाल उठाना, जिसे संविधान सभा ने स्वीकार किया, वह उन महान विभूतियों का अपमान है. ये रवींद्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी, मौलाना अबुल कलाम आजाद, डॉ. भीमराव अंबेडकर जैसे महापुरुषों का अपमान है.




एयरलाइन के यात्रियों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है

## 1 करोड़ के इनामी नक्सली का सरेंडर

### मज्जी के 11 साथियों ने भी किया आत्म समर्पण

**बकरकट्टा /रायपुर, 08 दिसंबर. सुरक्षाबलों को सोमवार को नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में एक ऐतिहासिक सफलता मिली है. कुख्यात नक्सली कमांडर एवं सेंट्रल कमेटी मेम्बर (सीसीएम) रामधेर मज्जी ने अपने 11 साथियों के साथ सोमवार सुबह छत्तीसगढ़ के बकरकट्टा में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया.**

रामधेर मज्जी, जो कुख्यात नक्सली नेता हिडमा के समकक्ष माना जाता था, पर 1 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था. इस बड़े आत्मसमर्पण के बाद एमएमसी जोन (महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़) को नक्सल मुक्त घोषित कर दिया गया है.

## इंदौर में रिकॉर्ड तोड़ पारा 5 .7 डिग्री पर पहुंचा




नव भारत न्यूज

**इंदौर, 08 दिसंबर. प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है. नतीजन प्रदेश के कई शहर ठंड से ठिठुर रहे हैं. प्रदेश में 5 डिग्री के आसपास कई शहर पहुंच चुके है. इंदौर में भी ठंड का रिकॉर्ड तोड 5.7 डिग्री न्यूनतम पारा दर्ज हुआ है. इंदौर में 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया है.**

प्रदेश में उत्तरी हवाओं के कारण ठंड से हाल बेहाल होना शुरू हो गया है. दिन में तापमान सामान्य से भले ही 2 से 5 डिग्री कम रह रहा है, लेकिन रात का तापमान सामान्य से 8 डिग्री तक गिर गया है. प्रदेश के कई शहरों में 5 से 7.5 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है. प्रदेश में सबसे न्यूनतम पारा पचमढ़ी 5.2 डिग्री रहा है. पचमढ़ी में पथरीला इलाका है. प्रदेश के उमरिया में 5.6 और इंदौर में रात का 5.7 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है. यह दोनों शहर मैदानी इलाके है. इसके अलावा भोपाल, रीवा, राजगढ़, नौगांव, सहित 10 से ज्यादा शहरों में रात का न्यूनतम तापमान 7 से 8 डिग्री दर्ज हुआ है, जो सामान्य से 5 से 8 डिग्री कम है. इसी तरह दिन का सबसे कम तापमान मलाजखंड में 23.8 और अधिकतम तापमान नर्मदापुरम में 31.8 दर्ज किया गया है. 2014 में दर्ज हुआ था 5 डिग्री सेल्सियस तापमान इंदौर में पिछले 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया है.

## डीजीसीए में खाली पड़े हैं 49% पद

**नयी दिल्ली, 08 दिसंबर.** देश के विमानन क्षेत्र में नियमन के लिए जिम्मेदार नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) में 49 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार का कहना है कि इससे कामकाज पर कोई असर नहीं पड़ रहा है. नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने सोमवार को एक अतारांकित प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया कि डीजीसीए में कुल 1,630 पद स्वीकृत हैं जिनमें 794 (49 प्रतिशत) खाली पड़े हैं. इसके अलावा, विमानन क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएस) में 598 स्वीकृत पदों में से 203 रिक्त हैं. सरकार के जवाब में कहा गया है कि देश भर में सरकारी हवाई अड्डों के प्रबंधन और भारतीय हवाई सीमा में एयर नेविगेशन की सेवा प्रदान करने वाले भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) में 25,730 स्वीकृत पदों में से 9,771 खाली हैं. सभी हवाई अड्डों पर हवाई यातायात नियंत्रण के लिए जिम्मेदार एटीसीओ (एटीसी अधिकारियों) के कुल 5,537 पद स्वीकृत हैं.

## बार काउंसिल चुनावों में 30% सीटें महिलाओं के लिए हो आरक्षित : सुको

**नयी दिल्ली, 08 दिसंबर. उच्चतम न्यायालय ने कानूनी पेशे में लैंगिक समानता की दिशा में एक बड़े कदम के तहत सोमवार को कहा कि जिन राज्यों की बार काउंसिलों में चुनाव अभी अधिसूचित नहीं हुये हैं, उनमें 30 प्रतिशत सीटें महिला वकीलों के लिए आरक्षित होनी चाहिए।**

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि मौजूदा चुनाव प्रक्रिया के लिए 20 प्रतिशत सीटें चुनी हुई महिला सदस्यों द्वारा भरी जाएंगी और 10 प्रतिशत सह विकल्प के माध्यम से भरी जायेंगी। न्यायालय ने कहा कि जिन मामलों में महिला उम्मीदवारों की संख्या कम है, वहां सह विकल्प का प्रस्ताव उसके सामने रखा जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने हालांकि स्पष्ट किया कि उन छह राज्य बार काउंसिल में कोई आरक्षण लागू नहीं होगा, जहां चुनाव प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है।

ये राज्य आंध्र प्रदेश, पंजाब और हरियाणा, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, बिहार और छत्तीसगढ़ हैं। इसके बावजूद, पीठ ने इन राज्यों के अधिवक्ता मतदाताओं से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि महिलाओं को उनके वोटों के माध्यम से पर्याप्त और सार्थक प्रतिनिधित्व मिले।

## दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत में चार की मौत

**सागर/ बंडा, 08 दिसंबर.** सागर जिले के बंडा अनुभाग के बीला थाना अंतर्गत सोमवार शाम सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी शवों और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंडा पहुंचाया. पुलिस के घटना स्थल पर देर से पहुंचने पर नाराज ग्रामीणों ने पथराव कर चक्काजाम का भी प्रयास किया. घटना सोमवार शाम 6:45 की बताई जा रही है. मिली जानकारी के अनुसार रूरावन -पापेट तिराहा पर दो मोटर साइकिल की भिड़ंत हो गई, जिनमें से एक का नंबर एमपी 15 एनएल 3559 है.




**खजुराहो कैबिनेट बैठक** | तीन वर्ष की कार्य योजना केबिनेट बैठक में पेश

# 81 विस क्षेत्रों में नए औद्योगिक क्षेत्र होंगे विकसित



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 8 दिसंबर. राजधानी भोपाल के बाद सोमवार से खजुराहो में विभागों की तीन वर्ष के रोडमैप को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभागवार योजनाओं की पड़ताल का सिलसिला जारी रखा. दो दिन मप्र सरकार यहीं रहेगी. पहले दिन सूक्ष्म, लघु ओर मध्यम उद्यम विभाग की पड़ताल के दौरान तीन वर्ष की कार्य योजना पेश की गई.**

इस दौरा प्रजेंटेशन में बताया गया कि 81 विधानसभा क्षेत्रों में नए औद्योगिक क्षेत्रों का विकास किया जाएगा. वर्तमान 6,000 से अधिक स्टार्टअप्स को बढ़ाकर 12,000 से अधिक करने का लक्ष्य रखा गया है. प्रत्येक जिले में कम से कम एक के साथ 100 नए इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जाएंगे तथा जनवरी 2026 में राज्य स्तरीय स्टार्टअप कॉन्क्लेव आयोजित किया जाएगा.

( शेष पेज 12 पर )

> **20 उत्पादों के जीआई टैग की प्रक्रिया होगी शुरू**
>
> बैठक में तीन वर्ष के रोडमैप को लेकर बताया गया कि स्वरोजगार योजना के माध्यम से 30,000 उद्यमियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है तथा प्रदेश में 20 लाख से अधिक रोजगार सृजन का उद्देश्य निर्धारित किया गया है. 20 विशिष्ट उत्पादों की पहचान कर उन्हें जीआई टैग दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी.